तापमान
अधिकतम 44 .4 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024

11 महानिदेशक ने उद्योगों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा बैठक ली



12 पेयजल को तरसे वार्डवासियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया



### खबर संक्षेप

#### महिला विवि में शुरू होगा हिंदी विभाग

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में अब हिंदी विभाग भी शुरू कर दिया गया है। अब जो छात्राएं विषय में अपना कॅरियर निर्माण करना चाहती हैं वे विश्वविद्यालय में दाखिला लेकर पढ़ाई कर सकती हैं। जिला सोनीपत में 7 विश्वविद्यालय हैं। संयोग से इनमें किसी में भी हिंदी विभाग नहीं है। प्रथम बार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में अब हिंदी विभाग शुरू किया गया है। यह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश के अथक प्रयासों से शुरू हो पाया है।

#### फरमाना में मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**खरखौदा।** फरमाना के एक घर से नकदी व आभूषण चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है। कुलदीप के अनुसार रात के समय परिवार के सदस्य घर के आंगन में सो गए थे। जब सुबह वह जागे तो घर के अंदर स्टोर में रखी अलमारी का ताला व दरवाजा खुला हुआ पाया। उन्होंने अलमारी के लॉकर की जांच की तो उसमें से 3 हजार रुपए ,दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की बाली, पांच चांदी के सिक्के, एक चांदी का हथफूल, एक गुच्छा चांदी तागड़ी का चोरी हुआ पाया गया।

#### नव चेतना जागृति गायत्री महायज्ञ 21 जून से

**गोहाना।** शहर में पानीपत चुंगी पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री परिवार द्वारा तीन दिन का गायत्री शक्तिपीठ नव चेतना जागृति गायत्री महायज्ञ 21 जून से 23 जून तक आयोजित किया जाएगा। गायत्री परिवार की गोहाना इकाई के अध्यक्ष हरीश कर्नाटक के अनुसार साथ में सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भी आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 21 जून की शाम को 4 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। 22 जून को सुबह 9 बजे 9 कुंडीय महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा उत्सव होगा। 23 जून को अंतिम दिन सुबह 9 बजे 24 कुंडीय महायज्ञ होगा जिसके बाद 11:30 बजे भोजन प्रसाद का वितरण होगा।

#### वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सोनीपत।** सीआईए-1 में तैनात उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान रेलवे फाटक के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि एक युवक दो-पहिया वाहन पर आने वाला है। उक्त बाइक पीजीआई रोहतक से चोरी हुई है। पुलिस टीम ने नाकेबंदी करके आरोपित को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त बाइक को उसने अपने दोस्त सतीश फौजी से ली थी। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की बाइक को बरामद कर आरोपित को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

#### झगड़े में तीन लोगों को पीटकर किया घायल

**खरखौदा।** सैदपुर गांव में मामूली कहासुनी को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों को पीटकर घायल कर दिया। वीरेंद्र ने बताया कि उनके घर के सामने पंचायती जमीन है। उस जमीन पर धर्मवीर व चंद्रभान का परिवार गोबर डालता है। वहां पर इन दोनों परिवारों की महिला नीलम व कांता आकर उनके साथ गाली गलौज करने लगी। इसके बाद चंद्रभान, दीपक, परवीन कुल्हाड़ी में बिट्टे लेकर वहां पर पहुंच गए। उन्होंने उसकी मां मूर्ति पिता सुरेश के साथ मारपीट कर दी। उस पर भी कुल्हाड़ी से वार करके उसे घायल कर दिया गया।

#### दुकान में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस टीम ने दुकान में चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित छोटू उर्फ साहित निवासी सेक्टर-15 का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का किया जा रहा समाधान : निगमायुक्त

# रेलवे विभाग ने ट्रैक के साथ बने अस्थाई निर्माणों को तोड़ा, अफसरों के पास गुहार लगाने पहुंचे लोग

- एक ही स्थान पर विभागों की मौजूदगी से समस्याओं का समाधान हुआ आसान

**मंगलवार को शिविर में आई 96 शिकायतों में से अधिकतर का मौके पर किया समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आमजन की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जिला के 96 नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर नगर निगम के आयुक्त विश्राम मीणा के समक्ष पहुंचे।
उन्होंने समस्याओं के निर्धारित समय में त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए तथा अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। वहीं रेलवे विभाग द्वारा लाइन से लगते अस्थाई निर्माणों तोड़ने व कॉलोनी वासियों के लिए रास्ता मुहैया करवाने की मांग को लेकर भाजपा नेता राजीव जैन सहित अन्य बैठक में पहुंचे। जहां अपनी मांगों का ज्ञापन निगम आयुक्त को सौंपा। निगमायुक्त ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। पिछले कई दिनों से जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर ह्यसमाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं, जिनमें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। मौके पर ही सभी विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। ज्यादातर मामलों में मौके पर ही समाधान प्रदान किए जा रहे हैं। जबकि कुछ मामलों में, अधिकारियों ने शिकायतों का निपटारा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की है जिसमें समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को उनकी समस्याओं के निदान के लिए एक सिंगल प्लेटफार्म उपलब्ध कराकर उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किए जाए ताकि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला स्तर का समाधान शिविर लघु सचिवालय में प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह नौ से 11 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

वहीं रेलवे लाइन के साथ ज्ञान नगर में रेलवे प्रशासन ने पुलिस की टीम को साथ लेकर अस्थायी रूप से बने निर्माण को जेसीबी चलाकर तोड़ दिया, प्रसाशन ने चूना डालकर लाइन खींच दी कि इसके बाहर जो भी निर्माण होगा उसे तोड़ देंगे। रेलवे लाइन के दोनों तरफ दीवार खड़ी करने को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन, पार्षद इन्दु वलेचा ने मौके पर पंहुचकर अधिकारियों से बातचीत की और दीवार खड़ी करते समय घरों के लिए रास्ता छोड़ने का आग्रह किया। बाद में दोनों नेताओं ने उपायुक्त कार्यालय में नागरिकों के साथ समाधान कैम्प में पंहुचकर उपायुक्त की अनुपसिथति में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा से रेलवे द्वारा ज्ञान नगर एवं सुंदर सांवरी के मकानों को रास्ता देने के लिए बदले में जमीन देने की कार्रवाई जल्द से जल्द अमल में लाने की मांग की। रेलवे प्रशासन ने मकान मालिकों को सामान निकालने के लिए 18 जून तक का समय दिया था, रेलवे अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को बताया कि अभी तक नगर निगम ने रास्ते के बदले जमीन देने की फाइल लटका रखी है, इसलिए हमें ऊपर से आदेश हैं कि दीवार खड़ी की जाये। इस मौके अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व शिकायतकर्ता।


**सोनीपत।** जेसीबी से अवैध कब्जे हटवाते हुए व मौजूद पुलिस बल। *फोटो : हरिभूमि*

> **समस्या का हल जल्द करवाया जाएगा**
> ज्ञान नगर व सुंदर सांवरी के लोगों ने रेलवे लाइन के तरफ रास्ता मुहैया करवाने की मांग की है। इस बारे में जल्द रेलवे अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का हल करवाया जाएगा।
> विश्राम मीणा, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत

> **नोटिस देने के बाद अवैध कब्जे हटवाए**
> रेलवे ने नोटिस देने के बाद ही अपनी जमीन से अवैध कब्जों को हटवाया है। आगे भी जमीन की पैमाइश करवाकर कार्यवाही को जारी रखा जाएगा। अगर रेलवे की जमीन पर कहीं अवैध कब्जे रह गए हैं तो उन्हें भी हटवाया जाएगा।
> **नरेश कुमार**, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, उत्तर रेलवे

## मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने पीएचसी में मारा छापा, आधा स्टाफ मिला गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- टीम ने गैरहाजिर मिले चिकित्सकों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को लिखा

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की करनाल की टीम ने मंगलवार दोपहर को गांव रुखी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में छापा मारा। यहां पर दोपहर तीन बजे आधा स्टाफ ड्यूटी से गायब मिला। इनमें दो चिकित्सक और चार कर्मचारी हैं। यहां चिकित्सक व कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही बरतते हैं जिससे मरीज परेशान होते हैं। उडऩदस्ता की टीम ने गैरहाजिर मिले चिकित्सकों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को संस्तुति की। गांव रुखी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 13 चिकित्सकों और कर्मचारियों का स्टाफ है। केंद्र सुबह नौ बजे से दोपहर चार बजे तक खुलता है। दिन में ब्रेक होता है।

#### मरीज रहते हैं परेशान

इस केंद्र पर कुछ चिकित्सक व कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही बरतते हैं। इससे गांव रुखी और आसपास के गांवों से आने वाले मरीज परेशान होते हैं। मुख्यमंत्री उडऩदस्ता को इस बारे में शिकायतें मिली। मंगलवार दोपहर तीन बजे मुख्यमंत्री उडऩदस्ता करनाल से निरीक्षक सुनील, निरीक्षक स्वर्ण कुमार, राजेश, गोहाना के इंचार्ज धर्मपाल नरवाल और अन्य अधिकारी केंद्र पर पहुंचे। यहां पर दो चिकित्सक और चार कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। उडऩदस्ता की टीम के छापे से चिकित्सकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। छापे की जानकारी मिलने के बाद कुछ कर्मचारी वापस भी आए लेकिन तब तक टीम अपनी कार्रवाई कर चुकी थी। टीम द्वारा ड्यूटी से गायब मिले चिकित्सकों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को संस्तुति की गई।

## डीसीआरयूएसटी की 38 केंद्रों पर परीक्षाएं जारी

- कुलपति प्रो . सिंह ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण
- सोनीपत व पानीपत में दे रहे हैं लगभग 25 हजार विद्यार्थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीसीआरयूएसटी की 38 परीक्षा केंद्रों पर सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं।

सोनीपत व पानीपत में बने परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 हजार विद्यार्थी परीक्षाएं दे रहे है। डीसीआरयूएसटी,मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने मंगलवार को औचक परीक्षा केंद्रों का दौरा किया । कुलपति प्रो.सिंह ने दिशा निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षाओं को लेकर कुलपति प्रो.सिंह ने आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिए। औचक निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षार्थियों से बातचीत भी की। गौरतलब है कि कुलपति प्रो. सिंह पानीपत के भी परीक्षा केंद्रों का दौरा भी कर चुके है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा.एमएस धनखड़ ने बताया कि परीक्षा शाखा द्वारा सोनीपत व पानीपत जिले में परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षाओं के निष्पक्ष व नकल रहित आयोजन के लिए 7 फ्लाइंग स्क्वायड का गठन विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय के अंदर बनाए गए हैं, जबकि 23 परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय के बाहर बनाए गए हैं। 38 परीक्षा केंद्रों में लगभग 25 हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। बीएड की परीक्षाएं 22 जून को समाप्त हो जाएगी, जबकि विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाएं बीटेक,एमटेक व अन्य परीक्षाएं 4 जुलाई को समाप्त हो जाएगीं।


**सोनीपत।** निरीक्षण के दौरान छात्रा का पेपर चेक करते हुए।

## 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, एक दिन के रिमांड पर भेजा

पचास लाख की फिरौती मांगने की घटना में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव रामपुर निवासी अमरजीत उर्फ तोता है। गत 17 जून को आईएमटी खरखौदा में नीलगिरी कंपनी के मालिक मुकेश गोयल ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि 9 जून को जब रात को उसका गार्ड ड्युटी पर था, तो अमरजीत उर्फ तोता ने एक साथी के साथ आया और गार्ड को गाली गलौज करते हुए कहा कि अपने सेठ को बोलना 50 लाख रुपये दे देगा नही तो अंजाम बुरा होगा। उसने उस बात को इगनोर कर दिया था, लेकिन 16 जून की रात को फिर अमरजीत अपने दो साथियों के साथ आया और तोड़ फोड़ की और वही 50 लाख की बात दोहराई। उन्हें पता चला है कि अमरजीत बदमाश किस्म का लडका है। इसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। क्राईम युनिट खरखौदा की जांच टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक नवदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में शामिल आरोपी अमरजीत उर्फ तोता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

### यात्रा के दौरान पानी मुहैया करवा रहा सुखबीर सिंह

## रोडवेज कर्मी बुझाते हैं यात्रियों की प्यास

- रोडवेज की लॉरी में मिलेगा ठंडा पानी, विभाग से मिले निर्देश
- चालक व परिचालक को आदेश से अधिकारियों ने करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत रोडवेज कर्मचारी पिछले कई सालों से यात्रियों को अपने स्तर पर व्यवस्था कर गर्मी के मौसम में ठंडा पेयजल पिलाते आ रहे हैं। अब रोडवेज विभाग की लॉरी में सफर करने वाले यात्रियों के प्यासे गले की प्यास बुझाने के लिए रोडवेज विभाग की तरफ से भी महत्वपूर्ण कदम उठाने का काम किया गया है। विभाग की तरफ से प्रदेश के बता दें कि महाप्रबंधकों को रोडवेज की लॉरी में शीतल पानी मुहैया करवाने के निर्देश दिए हैं।

बस परिचालक यात्रियों के गले तर करवाएंगे। जिससे यात्रियों को सफर के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना झेलनी पड़े। गौरतलब है कि सोनीपत बस डिपो में करीब 140 बसें शामिल है। इन बसों में रोजाना हजारों यात्री सफर करते है। वहीं प्रदेश भर में भीषण गर्मी का सितम जारी है। तेज गर्म हवाएं तन झुलसा रही है। चिलचिलाती गर्मी के बीच अक्सर बसों में यात्रियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता। जिससे यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। यात्रियों को गला गीला करने व प्यास बुझाने के बार-बार पैसे खर्च करने पड़ते है। ऐसे में यात्रियों की परेशानी को देखत हुए रोडवेज विभाग ने अब बसों में ही ठंडा पानी रखना अनिवार्य कर दिया है। जिसका यात्रियों को फायदा मिल सकेगा। ऐसे में ठंडे पानी की व्यवस्था होने से बसों का सफर बेहद आरामदायक हो जाएगा।



> **बस यात्रियों को शुद्ध शीतल जल मुहैया होगा**
> बस में सफर करने के दौरान लोगों को निजी तौर पर पानी लेकर प्यास बुझानी पड़ती है। साथ ही उन्हें बस स्टाप पर पहुंचने पर ही पानी मिल पाता था। विभाग की तरफ से बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए शीतल पानी मुहैया करवाने के निर्देश मिले है। इस संबंध में बसों के चालक व परिचालको को अवगत करवाया दिया गया है। बसों में लोगों को शुद्ध पानी मुहैया करवाया जायेगा।
> **सुरेंद्र सिंह**, एसएस, रोडवेज डिपो, सोनीपत।

#### दूसरों के लिए भी प्रेरणा बना रिठाल का सुखबीर

गांव रिठाल निवासी सुखबीर चोटीवाला दूसरों के लिए भी प्रेरणा बना हुआ है। वह साल 2017 से गर्मी के सीजन में यात्रियों की प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। वर्तमान में वह सोनीपत से हरिद्वार रूट पर जाने वाली बस में अपनी सेवाएं दे रहे है। सुखबीर का कहना है कि उन्होंने गर्मी के सीजन में यात्रियों को प्यास से परेशान होते देख दो कैंपर से पानी पिलाने की शुरूआत की थी। आज 10 से 11 कैंपर रखता हूं। हर साल की तरह इस साल भी 30 मार्च से गर्मी का सीजन शुरू होते ही बस में यात्रियों का पानी पिलाने की शुरूआत की थी, जो शिवरात्रि तक करीब चार महीने तक जारी रहेगी। इस दौरान कभी घर से मीठा पानी लेकर आता हूं तो कभी ठंडा पानी कैंपर में भरकर बस में रख लेते हैं। सुखबीर चोटीवाला के इस कार्य की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी प्रशंसा कर चुके हैं।

## रेलवे स्टेशन पर मिले दो लोगों के शव, पहचान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- जीआरपी ने पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाए शव

सोनीपत रेलवे स्टेशन पर अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को दो व्यक्तियों के शव बरामद हुए हैं। जीआरपी ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया है। शवों की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी पहचान करने के प्रयास कर रही है। जीआरपी से जांच अधिकारी एएसआई मोनिका ने बताया कि सोनीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर स्थित यार्ड में सोमवार सुबह करीब 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक के शरीर पर लाइनदार कमीज, सफेद पायजामा व गले में परना मिला है। शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। वहीं रेलवे स्टेशन पर मंडी की तरफ सीढ़ियों पर करीब 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के शरीर पर लाल टी शर्ट व ग्रे रंग का पायजामा मिला है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों से व्यक्ति के बारे में पूछताछ की, लेकिन कोई भी व्यक्ति कुछ नहीं बता पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। दोनों शवों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हरिभूमि
# सहेली



एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

## विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अकसर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्क्शन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्क्शन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

### हल सुलझाने पर दें जोर

लगातार काफी देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा।

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



## बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।




### मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

### मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे।



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।



सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

## ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।



- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें। अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।
- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे- गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।

केयर / नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

## इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।

**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं। बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।



**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। क्योंकि लू लगने पर ट्रीटमेंट में देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

## योगा से हम रहते हैं फिट

योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं : आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'

## खबर संक्षेप

### बलिदान दिवस पर झांसी की रानी को नमन

**गोहाना।** झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के 167वें बलिदान दिवस पर मंगलवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे द्वारा नमन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम सेक्टर 7 में स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में हुआ। मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी थे। अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। डॉ. सुरेश सैनी ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई नारी शौर्य और वीरता की अनुपम मिसाल थीं।

### बरगद के पौधे लगाकर समाज को दिया संदेश

**सोनीपत।** धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है वही दूसरी तरफ लोगो मे पेड़ पौधे लगाने के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। भारत मे इस वक्त 500 करोड़ पेड़ो की जरूरत है जिसे हम सब को मिलकर पूरा करना है। संस्था माँ भारती रक्तवाहिनी की यूनिट श्री राम क्रिकेट क्लब के सदस्य प्रदीप अत्रि , सिल्लू व नवीन कुंडू ने एक एक बरगद का पौधा नागरिक अस्पताल के सामने वाली गली में अपने अपने नाम से लगाया। इस गली में एक भी पेड़ नही है जिस वजह से इन 3 पौधों को रोपित किया गया।

### शराब के ठेके के पास मिला मजदूर का शव

**सोनीपत।** गांव बहालगढ़ में मेरठ रोड पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उनकी पहचान उत्तर प्रदेश के अयोध्या फिलहाल बहालगढ़ निवासी दिनेश मिश्रा के रूप में हुई। वह बहालगढ़ में रहकर मजदूरी करते थे। मंगलवार को उनका शव शराब ठेका से कुछ दूर पड़ा मिला। नागरिक अस्पताल में उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें चिकित्सक डॉ. राहुल आंतिल ने उनकी मौत गर्मी से होने की बात कही है। उनका कहना है कि गर्मी में काफी देर रहने के चलते दिनेश की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग-अलग जगहों पर दो की संदिग्ध मौत

**सोनीपत।** अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें से एक ही पहचान नहीं हो सकी है। अज्ञात की मौत गर्मी से होने का अंदेशा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा। बहालगढ़-मेरठ रोड स्थित यमुना पुल के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। व्यक्ति की उम्र करीब 50 वर्ष है। उनके शरीर पर सफेद रंग का बनियान व पेंट मिली है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। अंदेशा है कि उनकी जान गर्मी से गई है, लेकिन चिकित्सक का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण पता लग सकेंगे। उधर गांव बसौदी निवासी सतबीर का शव सोमवार देर शाम खेत में मिला है।

### रूढेनाथ बाबा का विशाल भंडारा 22 जून को

**राई।** राई औद्योगिक क्षेत्र में रूढेनाथ बाबा का विशाल भंडारा 22 जून को लगाया जाएगा। बाबा के सेवक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने बताया कि बाबा का हर साल भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वे भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करे।

# तपती गर्मी में मरीज व उनके तीमारदार बेहाल, जच्चा-बच्चा वार्ड में कूलर तक नहीं, अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे बीमार

- आपातकालीन कक्ष से लेकर ओपीडी में चिकित्सक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में मरीजों व उनके तीमारदारों को बेहत्तर चिकित्सका सुविधा देने के दावों की पोल खुल रही है। इतनी भीषण गर्मी में अस्पताल में बने हालात कुछ और कहानी बयां कर रहे है। मौजूदा समय में 45 डिग्री तापमान के बीच जिला नागरिक अस्पताल में पंखे तक नहीं चल आपातकालीन कक्ष में एसी खराब है, तो अस्पताल के प्रथम मंजिल पर सर्जिकल वार्ड में बनाए गए जच्चा बच्चा वार्ड में कूलर तक नहीं है। गर्मी के परेशान नौनिहाल बिलख रहे है। जच्चा बच्चा के परिजनों की तरफ से शिकायत करने के बावजूद बेहतर कदम नहीं उठाए गए है। बता दें कि जिले के अस्पताल में 45 डिग्री तापमान के बीच अधिकतर पंखे बंद पड़े है। ओपीडी के गेट के सामने पंजीकरण काउंटर की छत पर लगे पंखे शो पीस बनकर रह गए हैं। पंखे न चलने के कारण लोगों को गर्मी में परेशानी हो रही है। काउंटर पर ओपीडी पर्ची बनवाने के लिए मरीजों को लाइन में कई घंटे तक खड़ा रहना पड़ रहा है। ओपीडी में ईसीजी कराने वालों की संख्या भी काफी है। ईसीजी कक्ष के बाहर पंखे न होने के कारण मरीज गर्मी से बेहाल है। ऐसे में मरीजों की बेहतर सुविधा देने का दावा करने वाले जिला अस्पताल में बेहतर कदम नहीं उठाए गए है।





सोनीपत। अस्पताल में दवाइयों की लाइन में लगे मरीज व वार्ड में बिना पंखे के बेड पर बैठी महिला व उपचार के लिए आए मरीजा फर्श पर बैठकर इंतजार करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**वार्ड के आठ कक्षों में चार में नहीं कोई व्यवस्था:** नागरिक अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में आठ कक्ष है। जिनमें से चार कक्षों में कूलर की व्यवस्था तक नहीं की है। उनमें से एक जच्चा बच्चा वार्ड भी शामिल है। चार केबिन में मरीज और जच्चा बच्चा गर्मी से तड़प रहे हैं। गर्मी से बेहाल शिशु रोते हुए नजर आ रहे हैं। अस्पताल की दीवारें गर्म होने की वजह से उन्हें वार्ड में रहना मुश्किल हो रहा है। वार्ड की छत पर पंख जरूर लगा रखे हैं, लेकिन गर्म हवा फेंक रहे हैं।

**उपचार के लिए पहुंची बुजुर्ग महिला फर्श पर गिरी:** नागरिक अस्पताल में एक बीमार बुजुर्ग महिला इलाज कराने पहुंची थी। 45 डिग्री तापमान के बीच गर्मी में किसी को रहा नहीं जा रहा। ऐसे में बुजुर्ग महिला ओपीडी में धड़ाम से नीचे फर्श पर गिर गई। इसके बाद बुजुर्ग महिला काफी देर तक परेशान रही। करीब 20 मिनट पर महिला को व्हील चेयर पर बैठाकर ले जाया गया। ऐसे में नागरिक अस्पताल में बदहाली और अव्यवस्था का खामियाजा को भुगतना पड़ रहा है।

### एसी व पंखों को दुरूस्त करने के निर्देश

वार्ड से लेकर आपातकालीन कक्ष सहित ओपीडी के अंदर व बाहर एसी व पंखों को दुरूस्त करने के निर्देश दे दिए है। अगर कहीं पंखे खराब है तो उनको जल्द ठीक कराया जाएगा। साथ ही वार्डों में कूलरों का प्रबंध किया जाएगा। गर्मी के चलते वार्डों में समस्या जरूर बढ़ सकती है। जल्द से जल्द व्यवस्था करवा दी जायेगी।

डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## मजदूरों की सुरक्षा को प्राथमिकता से पूरा करवाने के निर्देश

# महानिदेशक ने औद्योगिक इकाइयों में की सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा बैठक

**खास बातें**

- औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ करवाएं : एडीसी अंकिता चौधरी
- सभी औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के मालिकों को मजदूरों की सुरक्षा प्रबंधों को पूरा करने के लिए करें जागरूक
- जिला में औद्योगिक इकाइयों में सभी प्रकार की सुरक्षा प्रबंधों की जांच करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा चलाया विशेष चेंकिंग अभियान




सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा के महानिदेशक सीजी रजनी कंथन ने औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा को लेकर मंगलवार को वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के प्रबंधों को पूरा किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं और सभी सुरक्षा प्रबंधों को पूरा करवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का हादसा न हो सके। वीसी के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने जिला के सभी औद्योगिक क्षेत्रों की एसोसिएशन पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाएं। उन्होंने डीआरओ को निर्देश दिए कि सभी एसोसिएशन के साथ मिलकर औद्योगिक क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करवाएं जाएं ताकि मजदूरों और औद्योगपतियों को पता लग सके कि उन्हें अपनी इकाइयों में किस प्रकार के सुरक्षा प्रबंध करने हैं। इसके अलावा मजदूरों को भी जागरूक करें कि वे पूरी सेफ्टी के साथ कार्य करें क्योंकि उनका जीवन उनके परिवार के लिए अमूल्य है तो उनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। इस मौके पर डीआरओ हरिओम अत्री, जीएम डीआईसी संजीत कौर, सहायक श्रमायुक्त सुनील नांदल, सुरक्षा प्रबंधों के जिला परियोजना अधिकारी विनीत काद्यान, कुण्डली औद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान धीरज चौधरी, खरखौदा औद्योगिक एसोसिएशन से सुनील गोयल व पुनीत मित्तल, बड़ी औद्योगिक एसोसिएशन से अमित गोयल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्री-मानसून से पहले नालों व ड्रेनेज की सफाई सुनिशिचत करे प्रशासन : देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्री-मानसून आने के संकेत मिल चुके है। उसके बावजूद निगम प्रशासन व जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोए हुए हैं। बरसाती नालों व ड्रेनेज की सफाई में देरी होने पर निगम प्रशासन की लेट लतीफी पर ये बात आप हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कही। देवेन्द्र गौतम ने बताया की महाराणा प्रताप चौक से ट्रक यूनियन, सिरड़ी साईं मंदिर रोड़, चंद्र गार्डन से सोनीपत बाईपास गोहाना रोड़, मुरथल रोड़ आदि अन्य सेक्टर रोड़ पर सभी बरसाती नाले व ड्रेनेज कचरे से भरे पड़े है। सफाई में खानापूर्ति की जा रही है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की नालों व



गंदगी से अटी पड़ी नाली।

ड्रेनेज सिस्टम की सफाई मानसून आने से पहले सुनिश्चित करना निगम प्रशासन की जिम्मेदारी है। धरातल पर उतर कर निगम पार्षदों को भी संज्ञान लेना चाहिए। जनप्रतिनिधि भी वोट लेने के बाद चुनाव आने तक कामों को लेकर खानापूर्ति करने में लगे रहते है। मुलभुत सुविधाओं को लेकर भी जनता को सड़को पर उतरना पड़े तो ये सिस्टम का फेलियर होता है। गौतम ने नगर निगम आयुक्त से निवेदन किया है की धरातल पर सभी कामों की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। अगर कोई सम्बंधित अधिकारी कामचोरी करता है तो उसपर तुरंत कारवाई होनी चाहिए। बारीश में सड़को पर जलभराव होना आम जनता के जीवन पर विपरीत प्रभाव डालता है। गाड़िया डैमेज होती है। चोट लग जाती है इत्यादि। समय से सभी नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए।

# गीतांजलि गार्डन में 21 जून को सम्मेलन को लेकर उत्साह : आंतिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- भूपेंद्र सिंह हुड्डा बतौर मुख्य मौजूद रहेंगे

कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में 21 जून को होने वाले सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आंतिल ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा



कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। आंतिल ने राई हलके के कार्यकताअरं से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने कहा कि सम्मेलन को लेकर कायकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूरे प्रदेश में विधानसभाओं में जीत होकर पूर्ण बहुमत से पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

# लिथुआनिया से यात्रा कर भारत लौटा शिक्षक व छात्रों का दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ के शिक्षक व छात्र दल का लिथुआनिया के विल्नियस जेमिनॉस प्रोगिमनाजिआ स्कूल में भव्य स्वागत किया गया । यह दल लिथुआनिया में दस दिन तक रहकर कल वापस भारत लौटा है। सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा व ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर श्रीमती अर्चना शर्मा का इंडियन एम्बैसी के प्रतिनिधि द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय छात्रों व अध्यापकों ने लिथुआनिया की संस्कृति ,भाषा, और परंपराओं का अवलोकन किया। इसके अलावा इस दल ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य और संगीत आदि गतिविधियों में भाग लिया।

# धानक कबीर समाज जागृति मंच के पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

धानक कबीर समाज जागृति मंच (रजि0) के प्रधान हसंराज ने मंच के सदस्य के साथ जयन्ती कार्यालय भीम नगर सोनीपत में बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर मंच के प्रधान हसंराज इष्टकान ने बताया कि संत शिरोमणी कबीर साहेब की जयन्ती हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 21 जून 2024, समय गीता भवन मन्दिर सोनीपत के प्राग्रण में बडी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यअतिथि सोनीपत से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य सतपाल ब्रहमचारी होगे और वशिष्ठ अतिथि सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पवार व नगर निगम मेयर निखिल मदान होगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. सत्यवीर निर्माण करेगें। विशाल भंडार का भी आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बलराज बमणीया, महावीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, विजय प्रकाश, एडवाकेट राहुल निर्माण, राजेश बागडी, रामनिवास, रिसाल सिंह, दीपक चिटाना, अनुराग नरेश आदि शामिल हुए।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

# पौधरोपण अभियान के तहत रोपित किए 10 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा सिटी पार्क में चलाया पौधरोपण अभियान इस अवसर पर मुख्य अतिथि मास्टर पूर्ण सिंह ने पोधा लगाकर किया अभियान को शुरू किया। उन्होंने कहा की पेड़ धरती का श्रृंगार है वन ही जीवन है पेड़ों के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। उन्होंने सभी से निवेदन किया की आने वाला समय मानसून का है, बारिश में अधिक से अधिक पौधे लगाए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि मुहिम मे बेलगारी नीम आवले के 10 पौधे रोपित किए गए है। वहीं सभी मिलकर इस मुहिम को एक जनांदोलन बनाने का संकल्प भी लिया है। इस अवसर पर समाज सेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह,रविंद्र हुड्डा, विकास दहिया, सत्यवीर आर्य, सत्यवान, जगवीर मलिक, राजेश वर्मा, सुभाष पालीवाल, बिजेंद्र ढुल, आजाद ग्रेवाल, रोहतास दहिया, रणजीत, नील दहिया, उपस्थित रहे।



पौधारोपण करते हुए पर्यावरण मित्र व पदाधिकारी।

# मनुष्य को धीमी मौत देता है नशा : बलवान सिंह

**गोहाना।** नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को गोहाना के रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की टीम ने रेल यात्रियों व आम लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। लोगों को जागरूक करने के लिए टीम के सदस्यों ने बैनर लेकर जागरूकता रैली भी निकाली। जीआपी टीम ने नशे के अलावा साइबर क्राइम के बारे में भी जागरूक किया। जीआरपी के उप निरीक्षक (एसआई) बलवान सिंह ने कहा कि नशा एक धीमा जहर है जो मनुष्य को धीरे-धीरे मौत के मुंह में धकेल देता है। जो व्यक्ति नशे की लत में पड़ जाता है वह अपना जीवन तो नष्ट कर ही लेता है साथ में अपने परिवार को भी बर्बाद कर लेता है। बलवान सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई भी है। जो व्यक्ति नशा करता है समाज में उसे हीन भावना से देखा जाता है। उसे समाज में इज्जत नहीं मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशे की लत में पड़ें। जो लोग नशा करने के आदि हैं उनको भी समझाएं। जीआरपी की टीम में एएसआई पूनम, एचसी प्रीति व एचसी विजय कुमार ने लोगों को नशे के साथ साइबर क्राइम से बचने के बारे में भी जागरूक किया।

**आयोजन** हरियाणा खेल विभाग ने 7 नर्सरी स्थापित की, खिलाड़ी कर रहे नाम रोशन

# नेशनल सीनियर पेंचक सिलाट में प्रताप स्कूल के कुनाल ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नेशनल सीनियर पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप जो भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित हुई, उसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के कुनाल राठी ने 45-50 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश, जिला व अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। पेंचक सिलाट कोच जगमेन्द्र पांचाल ने बताया कि कुनाल राठी अब तक 5 बार नेशनल लेवल पर पदक प्राप्त कर चुका है। विद्यालय प्रागंण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया , पेंचक सिलाट कोच जगमेन्द्र पांचाल व कुनाल राठी के पिता विजय राठी ने कुनाल राठी को पदक जीतने पर बधाई दी। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विद्यालय में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया सैंटर व हरियाणा खेल विभाग द्वारा 7 खेलों की खेल नर्सरी स्थापित की गई है। परिणामस्वरूप विद्यालय के खिलाड़ी दिन प्रतिदिन पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय में 24 प्रकार के विभिन्न खेलों के अभ्यास के लिए एनआइएस क्वालीफाइड प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। कुनाल राठी के पिता विजय राठी ने बताया कि शिक्षा व खेलों की सुविधा को देखते हुए 4 साल पहले उन्होंने अपने बेटे कुनाल का प्रवेश प्रताप विद्यालय में करवाया था। कुनाल राठी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, कुशल प्रशिक्षण, विद्यालय में मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं, स्कूल प्रबंधन समिति व अपने माता-पिता व अपने परिवार को दिया।



खरखौदा। कुनाल राठी का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन व परिजन।

### कारगिल यात्रा निकालकर बलिदानियों को किया नमन

**गोहाना।** मंगलवार को शहीद सेवा दल हरियाणा द्वारा गोहाना में कारगिल यात्रा निकालकर बलिदानियों को नमन किया। गोहाना में कारगिल यात्रा का नेतृत्व हर घर तिरंगा फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक दीपक कश्यप व उनकी टीम ने किया। शहर में यात्रा पुरानी अनाज मंडी से प्रारंभ हुई। गोहाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगबीर सिंह मलिक, समाजसेवी राजबीर सिंह दहिया, बार एसोसिएशन गोहाना के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, महर्षि कश्यप सेवा समिति के प्रतिनिधि सत्यवान ढुभेटा, संस्कार भारती समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा की अध्यक्षता राजबीर सिंह दहिया ने की और उनको कार्यालय पर यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व छात्रों ने करियर के अनुभव किए सांझा

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में कार्यवाहक प्राचार्या किरन सरोहा के निर्देशन में एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया गया। जिसमें में भूतपूर्व विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिन्होंने नये छात्र छात्राओं से कॉलेज और कैरियर से जुड़े अनुभव साझा किए। किरन सरोहा ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए पुराने छात्र एक मार्गदर्शक की तरह होते हैं, जो नए छात्रों को कैरियर में आने वाली चुनौतियों और अवसरों से रूबरू कराते हैं।

### शिविर में 75 ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** गांव रोहणा गांव के दादा प्रभू आश्रम में बाबा भोलादास और बाबा भगवान दास के नेतृत्व में रक्तदान शिविर व भंडारे का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में हरियाणा पुलिस में सेवारत अरविंद ने बीसवीं बार, विकेश, ईश्वर, विशाल, दीपक सहित कुल 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शतक वीर रक्तदाता कमांडो आशीष दहिया ने रक्तदाताओं को रक्तदान के लाभ के बारे में बताया।

### छबील लगाकर लोगों को पिलाया मीठा पानी

**गोहाना।** निर्जला एकादशी पर शहर में देवी नगर स्थित श्री कृष्ण आदर्श गौशाला द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाई गई। दिन भर जारी रही इस छबील पर राहगीरों को रोक-रोक कर ठंडा और मीठा पानी पिलाया गया। छबील का शुभारंभ गौशाला के अध्यक्ष घनश्याम तायल ने किया, मार्गदर्शन पूर्व अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता का रहा। संयोजन गौशाला के उपाध्यक्ष संदीप छपरा, सचिव राम कुंवार गर्ग और कोषाध्यक्ष अनिल ने किया।

### दिल के मरीजों के लिए प्रारंभ की ओपीडी सेवा

**सोनीपत।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत (नई दिल्ली) ने सोनीपत के सत्य ओम अस्पताल के साथ मिलकर इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी की ओपीडी सेवा शुरू की है। इस ओपीडी के जरिए अस्पताल ने मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और उन्हें अन्य शहरों में जाने के बजाय अपने शहर में ही क्वालिटी हेल्थ केयर देने का कदम उठाया है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर अनुपम गोयल की मौजूदगी में ये ओपीडी सेवा शुरू की गई।

### करीब डेढ़ माह से अधिकारियों को काट रहे चक्कर

# पेयजल को तरसे वार्डवासियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया

### महिलाओं ने जनस्वास्थ्य विभाग और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

### एसडीओ को शिकायत देकर कहा कि शिकायत पर सुनवाई नही हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगरपालिका के वार्ड 9 की महिला एवं पुरूषों ने करीब डेढ़ माह से पेयजल समस्या से परेशान होकर वार्डवासियों ने प्रशासन व सरकार को कोसते हुए पार्षद प्रतिनिधि हरविन्द्र त्यागी के नेतृत्व में नारेबाजी कर रोष जताया। रोष व्यक्त करी महिलाओं ने एसडीओं को शिकायत देकर कहा कि उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नही होती। उनका आरोप है कि आप्रेटर से समय पर पानी चलाने के लिए कहते है तो कहता कि पानी चलाने को कोई तय समय नही है। जिस कारण वे रात को जागकर भी पानी आने का इंतजार करते है। पिछल्ले डेढ़ से पेयजल को परेशान है और 25 दिन से बिल्कुल पानी नही आया। परेशान महिलाओं ने कहा कि पेयजल को तरसे हुए जनस्वास्थ्य विभाग व सरकार को कोसती है। महिलाओं ने मांग की कि बुस्टिंग रेहड़ा बस्ती में पेयजल आपूर्ति वाली मोटर को छोटी कर दिया है। जिस कारण पानी नही आता। जिससे समस्या और बढ़ गई है। पार्षद प्रतिनिधि हरविन्द्र त्यागी व सभी महिलाओं का आरोप है कि विभाग उनकी कोई सुनवाई नही करता। जिस तरह से लोकसभा में चुनाव में हार हुई तो ऐसा ही रहा तो विधान सभा में हार होगी।



गन्नौर। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हरविन्द्र त्यागी के नेतृत्व में नारेबाजी करती हुई महिलाएं एवं पुरूष। फोटो :हरिभूमि

#### अधिकारी फोन नही उठाते



दो महीने से वार्ड में कही पानी जाता तो कही नही जाता। लिखित में शिकायत दे चुके है। अधिकारी फोन नही उठाते। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नही होता। पेयजल से परेशान वार्ड की महिलाओं ने उनके घर आकर पानी न मिलने पर रोष जताया। पानी को कोई समाधान नही हो रहा। बिना पानी के वार्डवासी बहुत परेशान है। पानी भी उपल्ब्ध नही कराने वाली सरकार कोई फायदा नही। *पार्षद प्रतिनिधि हरविन्द्र त्यागी।*

#### अस्टीमेट भेजा : एसडीओ

जनस्वास्थय विभाग के एसडीओ रविन्द्र का कहना कि जनस्वास्थय विभाग के टयूबवैल में अचानक दिक्कत आ गई थी। बिजली का फाल्ट भी हो गया था। वाटर वर्क्स से सप्लाई जाती है। वार्ड में नया टयूबवैल लगाने के लिए विभाग को अस्टीमेंट भेजा गया है।

#### पानी नहीं आने के कारण परेशानी बढ़ी



महिला सरोज ने बताया कि पानी न आने के कारण बहुत परेशान है। अधिकारी भी उनकी सुनवाई नही करते। अधिकारियों को भी सोचना चाहिए कि महिलाएं पेयजल को परेशान हो रही है तो समाधान करना चाहिए।

#### पानी के लिए तरस रहे



पानी के छोटे बच्चे भी नहाने को तरस रहे है। पानी के लिए तरस रहे है। सरकार का कोई फायदा नही। कार्यालय में अधिकारी भी नही मिलते, जनता इतनी परेशान है कि सरकार को दोबारा से मौका नही दिया जाएगा। *वार्डनिवासी महिला मीना।*

#### पड़ोस से ला रहे पानी



वार्ड निवासी बिमला ने बताया कि पानी न मिलने के कारण पड़ोस के लोगों से पानी लाना पड़ता है। उनके घर में समर्सीबल लगा है। डेढ़ माह होने तक पड़ोसी भी पानी नही देते। *वार्ड निवासी महिला बिमला।*



सोनीपत। किसान को सम्मानित करते अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## जिले के 79 हजार 866 किसानों के खाते में 15.97 करोड़ की राशि आई

■ प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के दौरान जिला सोनीपत के 79 हजार 866 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त के तौर पर 15 करोड़ 97 लाख 32 हजार रुपए की राशि डाली। वहीं देशभर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर की। इस मौके पर पीएम वेब कास्टिंग के जरिए देश के किसानों को अपना संदेश भी दिया। वहीं राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करनाल से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वेब कास्टिंग के माध्यम से किसानों को संबोधित किया। इसके अलावा जिला स्तर पर स्थानीय जिला परिषद हॉल में पूर्व मंत्री कविता जैन, भाजपा नेता माई राम कौशिक ने शिरकत की। जिला सोनीपत में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तर पर जिला परिषद हॉल तथा खंड स्तर पर इस कार्यक्रम को लाइव दिखाने के प्रबंध किए गए थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते जिला कृषि अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की बदौलत पिछले 10 वर्षों में कृषि क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। पानी की व्यवस्था होने से जिला में फसलों का उत्पादन भी बढ़ा है। इस तरह से सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसने की आय को लगातार दोगुना करने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आज पूरे हरियाणा के किसानों के खाते में भी 17वीं किस्त के पैसे आ रहे है। उन्होंने कहा कि जिला के अंतिम छोर तक फसलों की सिंचाई के लिए राज्य सरकार खेत तालाब योजना के तहत कई प्रोजेक्ट तैयार कर रही है। सरकार सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत किसानों को भारी सब्सिडी दे रही है। किसान इन योजनाओं का फायदा उठाएं।

## पत्नी की हत्या का आरोपित दबोचा

■ करीब आठ साल पहले किया था दोनों ने प्रेम-विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना सोनीपत पुलिस ने पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि निवासी बैंयापुर खुर्द का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपित ने खुलासा किया है कि उसकी पत्नी उसे मां-बाप के पास नहीं रहने देना चाहती थी। वह उसके साथ झगड़ा करती थी। जिसके चलते उसने उसका गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मल्हा माजरा निवासी नंबरदार राजेश ने 16 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी बुआ कमला गांव बैंयापुर खुर्द में विवाहित है। उनके फुफेरे भाई रवि ने वर्ष 2016 में महमूद गांव की मोनिका से घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। रवि की बहन महमूदपुर में विवाहित है। जहां पर मोनिका व रवि की जान पहचान हो गई थी। दोनों ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद दोनों गांव से बाहर ही रहे। वह करीब सात साल से हिसार में किराये पर रह रहे थे। रवि व मोनिका के पास दो बेटे हैं। रवि 15 दिन पहले ही मोनिका व दोनों बच्चों को साथ लेकर अपने घर आ गया था। राजेश ने बताया कि रविवार को उनके फूफा प्रेम ने कॉल कर बताया कि रवि व उसकी पत्नी मोनिका का आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसमें रवि ने आवेश में आकर अपनी पत्नी मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी है। राजेश बताया कि मामले का पता लगते ही वह अपने चचेरे भाई धर्मवीर व गांव के राजेंद्र को साथ लेकर गांव बैंयापुर खुर्द पहुंचे। घर के अंदर मोनिका मृत अवस्था में बेड पर पड़ी थी। जिस पर उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। जहां से सोमवार को शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीन श्रमिकों के शवों का किया पोस्टमार्टम

■ फैक्टरी मालिक व प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव मुंडलाना स्थित सिमकोन फैक्टरी के गेट पर हुए हादसे में तीन श्रमिकों की जान फैक्टरी मालिक व प्रबंधक की लापरवाही से गई थी। हादसे में जान गंवाने वाले एक युवक के चाचा के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव माहरा निवासी अनिल ने बताया कि उनके भतीजे विकास (21) गांव मुंडलाना स्थित सिमकोन फैक्टरी में काम करते थे। सोमवार देर रात उत्तर प्रदेश के जिला कुशीनगर के गांव पांडे पट्टी परसोनी निवासी ज्योतिष सैनी (42) व उनके भाई राजन सैनी (31) दोनों फैक्टरी में काम करते थे। सोमवार को वह फैक्टरी से छुट्टी कर निकल रहे थे कि इसी दौरान मैनेजर ने फैक्टरी के अंदर बने मंदिर पर कावड़ को ठीक करने को कहा। जिस पर उन्होंने फैक्टरी में हाईटेंशन लाइन के तारों में कट होने की वजह से हटाने से मना कर दिया। इस पर मैनेजर ने जबरदस्ती उन्हें सीढ़ी से हटाने के लिए कहा। जब दोनों भाई ट्राली वाली सीढ़ी को धकेलकर ले जाने लगे तो पास से गुजर रहे माहरा निवासी विकास (21) व जागसी निवासी नितिन उनकी मदद करने के लिए सीढ़ी को धक्का लगाने लगे। इसी दौरान सीढी हाईटेंशन तारों से टकरा गई और चारों करंट की चपेट में आ गए। एक कर्मचारी ने लकड़ी की फट्टी लेकर नितिन की बाजू पर मारी। जिससे नितिन बच गया, जबकि ज्योतिष सैनी, राजन सैनी व विकास की मौत हो गई। सदर थाना की पुलिस ने माहरा निवासी अनिल के बयान पर लापरवाही समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।



गोहाना। अस्तपाल में उपचाराधीन श्रमिक। फोटो :हरिभूमि

#### शव परिजनों को सौंपे

गांव मुंडलाना के पास सिमकोन फैक्टरी में करंट की चपेट में आने से तीन श्रमिकों की मौत हुई है, एक घायल है। फैक्टरी संचालक व मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### शिखा ने बिना कोचिंग एचसीएस में प्राप्त किया 17वां रैंक



**राई।** खेवड़ा गांव के किसान की बेटी शिखा ने हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में 17वां रैंक हासिल करने पर कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने उनके घर खेवड़ा गांव में पहुंचकर बधाई दी। आंतिल ने कहा कि बेटी शिखा ने बिना कोचिंग के खुद मेहनत के दम पर अपने गांव का नाम रौशन किया है। बिना कोचिंग के एचसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शिखा आंतिल को उन्हें गर्व है। शिखा ने अपने माता-पिता ने सपनों को दी उड़ान दी है। जिन्होंने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बेटी की मेहनत के कारण माता-पिता, गांव व जिले को भी अपनी लाडली पर नाज है। इस मौके पर शिखा के दादा बलराम आंतिल, चाचा शेखर आंतिल, अनिल, हर्ष, राजेश ठेकेदार ओरगाबाद, ओमपाल, डा. कुलबीर सरोहा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## सीएनजी लेने गए निजी बस चालक पर कार सवार का हमला, शीशे तोड़े

■ चालक ने शीशे तोड़ने के साथ ही नकदी ले जाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




शहर थाना क्षेत्र में बस में सीएनजी डलवाने गए चालक से मारपीट करने व गाड़ी के शीशे तोड़ने सहित नकदी छीनकर फरार होने के आरोप का मामला सामने आया है। बस चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। वहीं अपना उपचार नागरिक अस्पताल में करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके इंडियन कॉलोनी निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि वह सुबह अपनी बस को लेकर पंप पर सीएनजी डलवाने के लिए पहुंचा। उसी दौरान एक स्वीफ्ट कार में आकर अज्ञात व्यक्ति ने बस के चार शीशे तोड़ दिए। उससे करीब 25890 रुपये कैश छीन लिया। उसके बाद अपनी कार में बैठकर धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल कर सूचना दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई प्रविंद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री आवास के घेराव का ऐलान

■ घेराव करने का अल्टीमेटम रजिस्टर्ड पत्र व ईमेल से भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के सेक्टर 15 स्थित एचएसवीपी परिसर यूनियन कार्यालय में कर्मचारियों ने कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन, मिड डे मील वर्कर कुक यूनियन, नगर निगम मूलनिवासी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन व हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में हुडा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने कहा कि 13 जून को सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्य प्रशासक एचएसवीपी को कर्मचारियों ने 25 जुलाई को मांगे ना मानने के विरोध में घेराव करने का अल्टीमेटम रजिस्टर्ड पत्र व ईमेल के माध्यम से भेजा है।

मिड डे मील वर्कर कुक यूनियन की प्रधान मीना सैनी, जिला सचिव सीमा, संतोष, मीना मलिक, सचिव टीनू मदान, जिला कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार, जिला सचिव समेश कुमार, मुकेश कर्मा ने बताया कि अगले सप्ताह उपरोक्त अल्टीमेटम बारे राई विधायक मोहन बडोली, सोनीपत विधायक सुरेंद्र पवार को सेक्टर 15 में रोष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेगे।



सोनीपत। रोष-प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### मेयर की अध्यक्षता में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक संपन्न

## लंबित विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को हुई वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में पुराने विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान मेयर निखिल मदान ने अधिकारियों को लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कमेटी के उपाध्यक्ष निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, सह सदस्य एवं निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ने 15 फरवरी को हुई बैठक में मंजूर हो चुके विकास कार्यों के लिए दोबारा टेंडर लगाए जाने पर सवाल उठाया। इस पर निगमायुक्त ने दोनों पार्षदों को मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। अगर मामले में लापरवाही मिली तो कार्रवाई जरूर की जाएगी। मेयर निखिल मदान ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। जिसके चलते निगम क्षेत्र में काफी विकास कार्य रुक गए थे। अब आदर्श आचार संहिता हट चुकी है ऐसे में उन्होंने निगम अधिकारियों को सभी कार्य तय समय में पूरा करने के आदेश दिए है। साथ ही विभिन्न वार्डों में सीवर व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और गलियों के निर्माण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करवाने के निर्देश दिए है। कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, अजय निराला, सहायक अभियंता सुरेश लोहान कार्यालय आदेश के चलते बाहर होने के चलते दोबारा बैठक बुलाई है। नगर निगम कार्यालय में 24 जून को फिर वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक होगी। जिसमें सभी वार्डों के प्रस्तावित विकास कार्यों को पारित किया जाएगा। ऐसे में उन्होंने पार्षदों से प्रस्तावित कामों की सूची अधिकारियों को देने के निर्देश दिए।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, उप निगम आयुक्त हरदीप सिंह, अधीक्षण अभियंता विजय ढाका, कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी राजेंद्र चुघ ,मुख्य लेखा अधिकारी संजय कालीरमन, सहायक अभियंता देवेंद्र खासा, सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार, कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, सचिन कुमार, रामकरण हुड्डा मौजूद रहे।

### पूर्व सरपंच के बेटे के पोल्ट्री फार्म से अस्सी हजार चोरी

**गन्नौर।** पांची जाटान के पूर्व सरपंच के बेटे के पोल्ट्री फार्म से लेबर का काम कर रहे दो व्यक्ति रुपये चोरी कर अपने परिवार सहित फरार हो गए। पोल्ट्री फार्म संचालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पांची जाटान के पूर्व सरपंच के बेटे हरपाल सिंह ने बताया कि उसका पांची-माहरा रोड पर ग्लोबल हेल्थ केयर पोल्ट्री फार्म है। फार्म पर करीब 2 महीने से विपिन और राकेश निवासी नेपाल लेबर का काम रहे थे। वह अपने परिवार के साथ पोल्ट्री फार्म पर ही रहते थे। उनके साथ वाले कमरों में प्रबंधक सतीश कुमार यादव निवासी रामपुरवा पटखोली, बिहार व अमित कुमार शुक्ला, बुधराम, गिरजेश निवासी बड़सिला जिला गोरखपुर, उत्तरप्रदेश रहते हैं। 14 जुलाई को शाम को उन्होंने अपनी लेबर के वेतन दिया था। जिसमें विपिन और राकेश के 8000-8000 रुपये, प्रबंधक सतीश कुमार को 45000 रुपये, बुधराम, ब्रिजेश और अमित को 11800 प्रति व्यक्ति के हिसाब से रुपये दिए थे। सभी ने अपना वेतन सतीश कुमार के बैग में रखा था। 14 जुलाई की रात विपिन व राकेश प्रबंधक सतीश कुमार के कमरे में रखे 80 हजार 400 रुपये चोरी कर लिए है।